DEVBAN-JNRODIS(IRFR)/94/2026-EXN-JNR-BAN

E-mail : eejalgraminbanda@gmail.com
Mob. : +91 9473941981

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

कार्यालय गेट न0–2, जल शोधन संयन्त्र परिसर, भूरागढ़, बाँदा, पिनकोड–210001

दिनाँक :– 06 / 09 / 2026

पत्रांक :– I/1502087/2026

सेवा मे,
मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय –दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बाँदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनाँक 05.10.2026 के समाचार पत्र मे प्रकाशित खबर "मुरवल में पी0डब्ल्यू0डी0 के नाला निर्माण से मुरवल में पाइपलाइन टूटी, जल जीवन मिशन की लाइन टूटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद, राहगीर परेशान के आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' बाँदा/चित्रकूट ई–संस्करण के दिनाँक 05.10.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "_पी0डब्ल्यू0डी0 के नाला निर्माण से मुरवल में पाइपलाइन टूटी जल जीवन मिशन की लाइन टूटने से हजारो लीटर पानी बर्बाद" के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद बाँदा मे विकासखण्ड बबेरू के ग्राम मुरवल अमलीकौर ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित है। ग्राम में निर्मित अवर जलाशय क्षमता (500 कि0ली0/12 मीटर) से ग्राम मुरवल में 30 किमी0 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 1178 नग गृह जल सयोजन का कार्य पूर्ण कराते हुये 20 किमी0 रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान मे लोक निर्माण विभाग के द्वारा नाला निर्माण में सडक के किनारे लगे गृह जल संयोजनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसके कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उक्त समस्या के निस्तारण हेतु ग्राम मे लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियन्ता के साथ संयुक्त रूप से मौके पर निरीक्षण किया गया एवं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियो द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त समस्या का समाधान एक सप्ताह में कराया जाना प्रस्तावित है (फोटोग्राफ संलग्न)।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Digitally signed by
VIMAL KUMAR VERMA
Date: 06-10-2026
16:47:15

(विमल कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनॉक उपरोक्तानुसार ।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बाँदा।
3. अपर जिलाधिकारी (नमामि गगे), बाँदा।
4. जिला सूचना अधिकारी, बाँदा।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।
6. मैसर्स एन0सी0सी0 लि0, बाँदा।

अधिशासी अभियन्ता